हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, जून 29, 2024

12 नहीं हो सका लांबा के कार्यवाहक सरपंच का चुनाव, ग्रामीणों में रोष



12 हैप्पी योजना के लाभार्थियों की करवाई जा रही स्वास्थ्य जांच



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन खिलौना मंगवाना पड़ा महंगा

**फतेहाबाद।** जिले के गांव फतेहपुरी निवासी एक व्यक्ति को ऑनलाइन शॉपिंग महंगी पड़ गई और वह हजारों रुपये गंवा बैठा। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। साइबर थाना फतेहाबाद में दी शिकायत में टोहाना के गांव फतेहपुरी निवसी किन्दा सिंह ने कहा है कि उसने इंस्टाग्राम पर गुरू टॉय की एड देखकर एक खिलौना ऑनलाइन आर्डर किया था। 19 जून को उसके पास एक फोन आया कि आपका खिलौना आया हुआ है।

### कार की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव डांगरा में कार की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डांगरा निवासी लीलो ने कहा है कि गत दिवस रात करीब 10 बजे वह अपने सास संतरो, देवरानी राजो व बिमला के साथ अपने चाचा ससुर हरदेव सिंह के घर बैठने के लिए जा रही थी क्योंकि उसके चाचा ससुर का कुछ दिन पहले देहांत हो गया था। जैसे ही वे माधुवना मोड़ से बस स्टैण्ड डांगरा के पास पहुंचे तो ललौदा गांव की ओर से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाया और राजो को टक्कर दे मारी।

### जाखल में दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस जाखल में एक दुकान के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मूनक के गांव बलरां निवासी गुरप्यार सिंह ने कहा है कि वह सुभाष चौक, जाखल में एक किरयाणे की दुकान पर काम करता है। गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान पर गया था। उसने मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा किया थ। रात को जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

### निर्मल बने लायंस क्लब सिरसा सेंट्रल के प्रधान

**सिरसा।** सिरसा के समाजसेवी निर्मला बजाज को सर्वसम्मति से लायंस क्लब सिरसा सेंट्रल का प्रधान चुना गया है। यह चुनाव क्लब की एक बैठक में हुआ जिसमें काफी संख्या में क्लब के पदाधिकारी शामिल हुए। निर्मल बजाज ने अपनी नियुक्ति पर क्लब के सदस्यों व कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा ही समाजसेवा के कायारें् में लगे रहते हैं और उनकी रूचि भी जरूरतमंद परिवारों व लोगें की सहायता करना है। अब प्रधान बनने से उनकी जिम्मेदारी पहले से अधिक बढ़ गई है और ऐसे में वे अब अपनी समाजसेवा के कायारें् को पहले से भी अधिक बढ़ाएंगे।

### गतका चैम्पियनशिप को लेकर बैठक आज

**रतिया।** हरियाणा गतका चैम्पियनशिप 2024 के लिए आवश्यक बैठक हरियाणा गतका के हैड ऑफिस गुरुनानक अकेडमी रतिया में 29 जून शनिवार को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए हरियाणा गतका एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी स्वर्ण सिंह ने बताया कि इस बैठक में हरियाणा के गतका अखाड़े, खिलाड़ी, कोच भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि गतका खेल को ओलम्पिक से भी मान्यता मिल गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय लेवल पर गतका खेल की प्रतियोगिता करवाई जानी है। दूसरे खेलो की तरह गतका खेल खेलने वालों को सरकारी नौकरियां व ग्रेडिंग पॉइंट्स मिलेंगे।

## घग्घर व रंगोई नाले के तटबंध मजबूत करने में जुटे मनरेगा मजदूर

# मानसून को लेकर अलर्ट मोड पर सिंचाई विभाग, तैयारी तेज

रंगोई नाले की सफाई का काम हुआ पूरा, बरसात के सीजन को देखते हुए प्रशासन कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल (फतेहाबाद)

प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है, पहाड़ों के साथ ही मैदानी इलाकों में भी बरसात शुरू हो गई है। इस बार जिला में भी भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। जिले के जाखल क्षेत्र से गुजरती घग्घर नदी व रंगोई नाले में दर्जनों गांव बाढ़ से प्रभावित रहे हैं। उन गांवों में इस बार फिर से बाढ़ का खतरा उत्पन्न न हो, इसे लेकर खंड सिंचाई विभाग ने बाढ़ बचाव और राहत कार्य पूरे कर लिए हैं। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। इसे लेकर विभाग द्वारा मानसून में घग्घर नदी व इसके सहायक रंगोई नाले में जल प्रवाहित के प्रबंधों को लेकर अपने संसाधनों सहित कई गांव के मनरेगा श्रमिकों के साथ तैयारी में लगा हुआ है। दरअसल, इन दिनों प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। फतेहाबाद जिला के कई इलाकों में भी बरसात हो गई है। पहाड़ों पर कुछ दिन पहले से ही मानसूनी बादलों ने बरसना शुरू कर दिया था। इससे मानसून वर्षा अधिक होने से जिला के जाखल क्षेत्र से बहती घग्घर नदी कई बार खतरे के निशान से ऊपर बहने लगती हैं। विदित हैं कि गत वर्ष घग्घर नदी में पानी अधिक आने से नदी ओवरफ्लो होने से कई जगह नदी व रंगोई नाले के तटबंध टूट गए थे।





**जाखल।** प्लास्टिक के बैग में मिट्टी भरकर रखते मनरेगा मजदूर, कमजोर तटबंधों के पास मिट्टी के बैग के लगे ढेर।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जब इस बारे में सिंचाई विभाग के एसडीओ संजीव सिंगला से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि प्रशासन ने आपदा से निपटने के लिए अपनी पूरी तैयारियां पूरी कर ली है। रंगोई नाले की सफाई का काम भी पूरा करवा दिया गया है। कमजोर तटबंधों को मजबूत कर दिया गया है।

### मिट्टी के कट्टे भरकर रखें व कमजोर किनारों पर लगाए

क्षेत्र के शकरपुरा गांव में नहरी विभाग द्वारा पोकलेन मशीनों के साथ रंगोई नाले के तटबंधों को दुरुस्त किया गया है, वहीं कई गांव के मनरेगा मजदूरों द्वारा सफाई का कार्य पूर्ण करवा, मिट्टी के थैलों का प्रबंध किया जा रहा है। मनरेगा मेट विक्रम सिंह ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिन रात एक कर बाढ़ बचाव प्रबंधन कार्य को धार दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से मिट्टी के कट्टे भरकर रखने के लिए आज भी उन्हें लगभग तीन हजार खाली कट्टे व मिट्टी की ट्रालियां उपलब्ध कराई गई थी। इसे लेकर मनरेगा श्रमिकों ने मिट्टी के हजारों कट्टे भरकर रख दिए है अथवा विभाग के निर्देशों पर घग्घर के कई कमजोर किनारों पर भी बैग लगाए गए हैं।

### बाढ़ में हुआ था भारी नुकसान

बता दें कि बीते वर्ष शक्करपुरा गांव में रंगोई नाला के तटबंध टूटने के कारण बाढ़ आने से पानी से आसपास क्षेत्र में फसलों का भारी नुकसान हुआ था। उस घटना से सबक लेकर विभाग द्वारा इस स्थान पर इस बार विशेष ध्यान देते हुए सैकड़ों मजदूरों व संसाधनों द्वारा तटबंध को ऊंचा उठाने, पक्का करने व मिट्टी के कट्टे से तटबंध सुदृढ़ किए जा रहे है।

### नहरी खंड विभाग हुआ सक्रिय

इस बार बाढ़ के खतरे को भांपते हुए बाढ़ खंड विभाग मानसून से पहले ही सतर्क हो गया है। बता दें कि मानसूनी बरसात के अलावा पीछे से पहाड़ी क्षेत्र में होती बरसात का पानी घग्घर नदी में छोड़ा जाता है, जिसकी वजह से नदी खतरे की निशान से ऊपर बहने लग जाती हैं। परिणामस्वरूप इससे तटवर्ती गांव पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इसके अलावा जाखल शहर में भी बाढ़ आने का खतरा बन जाता है। ऐसे में बाढ़ से बचाव को लेकर इस बार अधिकारियों ने कमजोर तटबंध मजबूत करने सहित घग्घर नदी के पुल के निचले हिस्से की सफाई व रंगोई नाले में जल प्रवाहित में बाधा उत्पन्न करने वाली जलकुंभी को निकाल कर पुख्ता ढंग से साफ कराने पर पूरा जोर दिया जा रहा हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 15 से लाखों की ठगी

- सितम्बर 2022 में उसने एक फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेजा
- जब लेटर वाले पते पर पहुंचने की बात की तो टाल-मटौल करने लगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

बेरोजगार युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाते हुए एक युवक ने 15 युवकों को नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे लाखों रुपये हड़प लिए। नौकरी न लगने पर जब पैसे वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगा। इस बारे फतेहाबाद पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर धोखाधड़ी सहित अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी सुभाष ने कहा है कि उसका गांव के ही जोगिन्द्र व उसकी पत्नी रानी से मिला। जोगिन्द्र गांव के सरकारी स्कूल में क्लर्क के पद पर कार्यरत था लेकिन अब उसका देहांत हो चुका है। इन दोनों ने उससे कहा कि उनका लड़का सुशील बच्चें को नौकरी लगवाता है और इसके बदले में राशि देनी होगी। अगर कोई युवक बेरोजगार हो तो उसका लड़का नौकरी लगवा सकता है। एक युवक के 60 हजार रुपये देने होंगे। इस पर उसने राजेश निवसी बुआन कोठी, सुनीता बुआन कोठी, अनिल कुमार असंध, सुनील बुआन कोठी, सोमनाथ बुआन, संदीप, हरपाल दौलतपुर, विकास डिंग मण्डी, विनोद, अशोक व शारदा निवासी मोहम्मदपुर रोही, बिन्टू उकलाना, रमन उकलाना, अमित छान, संदीप कुमार चौटाला सहित 15 लोगों से सम्पर्क किया और ये सभी नौकरी लगने की एवज में 60-60 हजार रुपये देने को राजी हो गए। इसके बाद जनवरी 2020 को उसके पास सुशील आया और उक्त 15 लोगों ने कुल 9 लाख रुपये सुशील को दे दिए। इसके बाद सुशील ने 10-15 दिन में ज्वाइनिंग करवाने की बात कही। उसके बाद मार्च 2020 में लॉकडाउन लग गया। इस पर सुशील लगातार उन्हें आगे का समय देता रहा। इसके बाद सितम्बर 2022 में उसने एक फर्जी ज्वाइनिंग लैटर भेजा। जब वह बताए गए पते पर जाने को तैयार हुए तो सुशील ने दो-तीन दिन बाद ऑफिस जाने की बात कही। बाद में उन्होंने चैक किया तो पता चला कि यह ज्वाइनिंग लेटर फर्जी थे। इस पर उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो सुशील ने बिन्टू, रमन, संदीप, रेखा व विनोद की राशि वापस दे दी लेकिन बकाया राशि देने में वह आनाकानी कर रहा है। पैसे वापस मांगने पर सुशील ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। इस पर युवक ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोटिफिकेशन पर क्लिक करते ही छात्रा के खाते से 11 हजार गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जीएनएम की एक छात्रा के साइबर ठगी का शिकार होने का मामला सामने आया है। उसके पास पैसे भेजने के नाम पर आए मैसेज को क्लिक करते ही उसके खाते से 11 हजार रुपये उड़ गए। अब इस बारे पीड़ित युवती की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर फतेहाबाद निवासी प्रियंका ने कहा है कि वह जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। 26 जून को उसके पास एक फोन आया और फोन करने वाले ने उससे कहा कि मैंने आपके पापा को पैसे देने है। वह फोन पे यूज करती है तो अपना खाता चैक करे। उसके खाते में पैसे आये हैं या नहीं। युवती ने कहा कि जब उसने खाता चैक किया तो कोई पैसे नहीं आए थे। इस पर फोन करने वाले ने उसके पास एक टैक्स्ट मैसेज भेजा और कहा कि वह इसमें नोटिफिकेशन चैक करे। उसके खाते में 11 हजार रुपये प्राप्त हो जाएंगे। प्रियंका ने बताया कि जैसे ही उसने उक्त नोटिफिकेशन पर क्लिक किया तो उसके बैंक खाते से 11 हजार रुपये कट गए। इस पर उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। इस पर पहले उसने इस बारे नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू करा दी है।



# फतेहाबाद पुलिस ने 6 महीने में करोड़ों का नशा पकड़ा, 142 को भेजा जेल

- 1 जनवरी से 28 जून तक पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी।

जिले को नशामुक्त करने के अभियान में लगी फतेहाबाद पुलिस एसपी आस्था मोदी के नेतृत्व में लगातार नशा तस्करों की धरपकड़ कर रही है। एसपी ने बताया कि इस साल 1 जनवरी से 28 जून तक जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर 94 मामले दर्ज किए हैं। इन आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपए की कीमत की 308.285 किलोग्राम गांजा, 356.814 किलोग्राम चूरा पोस्त, 8 किलो 520 ग्राम अफीम, 582.87 ग्राम हेरोईन, 0.16 किलोग्राम चरस, 1393 पोस्त के पौधे तथा 1340 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट को जब्त करने में कामयाब रही। साथ ही 142 नशा तस्करों को काबू कर नशे के सौदागरों के नापाक मंसूबों को विफल किया है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि जिला पुलिस नशा तस्करी का सफाया करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावा जिला पुलिस लगातार युवाओं एवं आमजन को राहगीरी एवं जागरूकता सेमिनार के जरिए नशे के दुष्प्रभाव बारे में लगातार जागरूक कार्यक्रम कर रही है। जिला पुलिस कप्तान ने बताया कि हर साल 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाडा चलाया जाता है ताकि नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरुक कर इससे जुड़े खतरों के बारे में उन्हें अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक कार्रवाई और सहयोग को मजबूत बनाया जा सके। एसपी ने कहा कि सभ्य समाज में नशे के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस द्वारा नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मादक पदाथारें् के खतरे से बचाने के लिए ड्रग्स तस्करों सहित इसमें संलिप्त अन्य के खिलाफ इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा। पुलिस कप्तान ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ जंग जीतने के लिए आम आदमी का सहयोग भी जरूरी है।

# वीडियो वायरल, युवक को डंडों से पीटा

- बलराज हत्याकांड के बाद हुई तोड़फोड़ में शामिल होने का था शक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



शहर में सरेआम गुंडागर्दी की एक वीडियो सामने आई है, जिसमें तीन युवक एक घर के बाहर युवक को बुरी तरह डंडों से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बीते दिनों बलराज हत्याकांड के बाद एक घर में हुई तोड़फोड़ के मामले से जुड़ा हुआ है और मकान मालिक तोड़फोड़ में उक्त युवक के शामिल होने के संदेह में उसकी पिटाई करवा रहा है। बता दें कि 15 जून को फतेहाबाद की सतीश कॉलोनी में करेटा कार सवार बलराज उर्फ गोली पर बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया था। अगले दिन परिजन व लोग क्षुब्ध होकर लाल बत्ती चौक पर जाम लगा कर बैठ गए थे। इसी दौरान कुछ युवकों ने बलराज उर्फ गोली के एंटी ग्रुप के माने जाने वाले लोगों के घरों पर हमला बोल दिया था। इन्हीं में से एक आरके कॉलोनी निवासी गुलशन जग्गा के घर भी युवकों ने बुलेट बाइक को आग लगाकर जमकर तोड़ फोड़ की थी।

### दबंगई की हदें हुई पार, चीख रहा पीड़ित

अब जो वीडियो सामने आया है, उसमें गुलशन जग्गा के घर के बाहर एक युवक को डंडे से पीटता हुआ देखा जा सकता है। युवक चीख रहा है और उसे पीटा जा रहा है। वीडियो में गुलशन जग्गा व उनका बेटा युवक को पकड़े हुए और दो अन्य युवक डंडों से पीटते हुए दिख रहा है। माना जा रहा है कि जग्गा को युवक पर संदेह था कि वह तोड़फोड़ में शामिल था। जब इस बारे में गुलशन जग्गा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि युवक खुद उनके पास आया और बोला कि वह तोड़फोड़ करने वाले युवकों के नाम बता देगा, लेकिन किसी बात पर उनमें झगड़ा हुआ और सिर्फ उससे हाथापाई हुई थी, मारपीट नहीं की गई। वहीं अब तक इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। इस बारे में शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह का कहना है कि वीडियो कुछ दिन पुरानी है और वीडियो मामले में कोई शिकायत नहीं आई तो वे खुद अपनी टीम लेकर युवक के घर गए थे। वहां युवक नहीं मिला और युवक की माता ने भी मामले से अनभिज्ञता जाहिर की। इस मामले में कोई शिकायत आएगी तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी प्रमाणपत्रों से बिजली बोर्ड में हासिल की नौकरी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

- 12 साल की सर्विस के बाद 45 लाख से अधिक की रिकवरी भी होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज के आधार पर विद्युत निगम में एएलएम(सहायक लाइनमैन) की नौकरी हासिल करने वाले को 12 वर्ष के दौरान वेतन व अन्य लाभ के रूप में प्राप्त 45 लाख रुपये से अधिक की राशि लौटानी होगी। विद्युत निगम के एक्सईएन की शिकायत पर बडागुढ़ा पुलिस ने सहायक लाइनमैन कुलदीप पुत्र टेकचंद निवासी किमला जिला हिसार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि कुलदीप ने एचएसएससी हरियाणा द्वारा एएलएम के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन किया था। उसका चयन होने पर उसने 26 जनवरी 2012 को पंजुआना में एएलएम के तौर पर ज्वाइन किया। बताया कि कुलदीप के शैक्षणिक व तकनीकी दस्तावेजों की वेरिफिकेशन करवाई गई। आईटीआई पाडूनगर(कानपुर) की ओर से स्पष्ट किया गया कि उनके संस्थान की ओर से सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है और न ही रोल नंबर इलेक्ट्रिशियन की ट्रेड से मेल खाता है। इसके बाद निगम ने एएलएम कुलदीप को ट्रमिनेट कर दिया। इस दौरान एएलएम के रूप में कुलदीप ने सरकारी खजाने से 45 लाख 37 हजार 77 रुपये बतौर वेतन व भत्ते के रूप में प्राप्त किए। बडागुढ़ा पुलिस ने धोखाधड़ी के इस मामले में कुलदीप के खिलाफ भादंसं की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

## हलोपा के खाते में आई सीट तो भाजपा नेताओं के अरमानों पर फिरेगा पानी, कांग्रेस में कई दावेदार

# फिर आमने-सामने होंगे गोपाल कांडा व गोकुल सेतिया

- 602 वोटों से हारने वाले गोकुल कांडा से बदला लेने के लिए कर रहे दौड़-धूप
- वैश्य व पंजाबी वोटर निर्णायक भूमिका में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महाबीर गोदारा



**सिरसा।** गोपाल कांडा, गोकुल सेतिया, राजकुमार शर्मा व वीरभान मेहता।

सिरसा। विधानसभा क्षेत्र सिरसा में इस बार तिकोने मुकाबले के आसार बन रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में गोपाल कांडा व निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे गोकुल सेतिया के बीच नजदीकी मुकाबला हुआ था, जिसमें केवल 602 वोटों के अंतर से आखिर में गोपाल कांडा बाजी मार गए। इस बार फिर गोपाल कांडा व गोकुल सेतिया का चुनाव मैदान में उतरना तय है, वहीं लोकसभा चुनाव में सिरसा विधानसभा क्षेत्र से 13 हजार 350 वोटों से लीड हासिल करने वाली कांग्रेस नेता भी उत्साहित हैं। कांग्रेस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में है। उल्लेखनीय है कि सिरसा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 31 वार्ड व 31 गांव आते हैं। 'यादातर चुनाव वैश्य व पंजाबी समुदाय के बीच ही हुए हैं। दोनों समुदायों की हार जीत में निर्णायक भूमिका रहती है। सिरसा हलके में पूर्व मंत्री स्व. लछमन दास अरोड़ा का दबदबा रहा है और उनका एक फिक्स वोट बैंक भी रहा है। अरोड़ा ने कांग्रेस में रहकर राजनीति की और उनके निधन के बाद उनकी बेटी सुनीता सेतिया राजनीति में उतरी और वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ी, लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा। बाद में उन्होंने भाजपा छोड़ दी और उनके बेटे गोकुल सेतिया ने नाना की सियासत को आगे बढ़ाते हुए पिछला विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ा। गोकुल को इनेलो ने भी अपना समर्थन दिया और गोपाल कांडा के साथ कड़ी टक्कर हुई। नजदीकी मुकाबले में गोपाल कांडा मात्र 602 वोटों से चुनाव जीत कर सिरसा से दूसरी बार विधायक बने। गोकुल सेतिया एक बार फिर निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोक चुके हैं।

### सियासत के घमासान में दावेदार लगा रहे दौड़

लोकसभा चुनाव में उन्होंने इनेलो को समर्थन किया, लेकिन सिरसा हलके में केवल 5558 वोटों से ही इनेलो प्रत्याशी को संतोष करना पड़ा। गोकुल गाहे-बगाहे इनेलो के स्टेज पर देखे गए हैं। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा सुनने को मिल रही है कि समर्थक गोकुल पर कांग्रेस में शामिल होने के लिए भी विचार करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। गोकुल नाना की पार्टी कांग्रेस का दामन थामते हैं तो गोपाल कांडा के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि मुकाबला फिर आमने-सामने होने की उम्मीद है। गोपाल कांडा की पार्टी हलोपा इस समय एनडीए का सहयोगी दल है। गोपाल कांडा भाजपा सरकार को बिना शर्त समर्थन दे रहे हैं, वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में हलोपा की टिकट पर रानियां से चुनाव लड़ने वाले उनके छोटे भाई गोबिंद कांडा इस समय भाजपा में हैं। गोबिंद को भाजपा ने ऐलनाबाद उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया और उन्होंने इनेलो के अभय चौटाला को कड़ी टक्कर दी। एनडीए की सहयोग दल होने के नाते गोपाल कांडा का चुनाव लड़ना तय है। यह अलग बात है कि वे अपनी पार्टी से चुनाव लड़ते हैं या फिर भाजपा के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरते हैं। हलोपा के सहयोगी दल होने के नाते यह सीट भाजपा कांडा के लिए छोड़ सकती है, जिसके चलते भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की मंशा पाले पार्टी नेताओं के अरमानों पर पानी फिर सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदीप रातुसरिया को उम्मीदवार बनाया था और वे तीसरे स्थान पर रहे थे। एक बार फिर प्रदीप रातुसरिया के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी रहे जगदीश चोपड़ा के पुत्र अमन चोपड़ा व पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल के बेटे मनीष सिंगला भी टिकट की दौड़ में हैं।



जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग



तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड


कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्वेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कर संवार सकते हैं अपना करियर

# आज के समय में आयुर्वेद के डॉक्टर की काफी मांग, नौकरी के बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

शिक्षा के छेत्र में विद्यार्थी के सामने कहीं प्रकार के डिग्री और डिप्लोमा क्षेत्र मौजूद होते हैं। विद्यार्थी किसी भी तरह के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के जरिए अपने करियर को संवार सकता है। विद्यार्थी के लिए साधारण तरीके की कई डिग्रियां की जाती है और अपने करियर को बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। विद्यार्थी दसवीं कक्षा पास करने के बाद और 12वीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विचलित हो जाता है कि आगे उसे क्या करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स मौजूद होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बीएएमएस के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



### अच्छी आमदनी का जरिया

आज के समय में भारत में आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए विद्यार्थी खासतौर से प्रयास कर रहे हैं। भारत में आयुर्वेद का भविष्य आप नजर आ रहा है। आयुर्वेद के दम पर भारत के मार्केट में अच्छा पैसा भी कमाया जा रहा है। आयुर्वेद में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स करने के बाद विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर के तौर पर कार्यरत हो सकता है आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए जरूरी बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल एंड सर्जरी होती है। इस डिग्री को लेकर विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर बन सकते हैं। बीएएमएस कोर्स जो 5 साल की अवधि के लिए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होने वाला कोर्स है। यह को भी एमबीबीएस डिग्री की तरह 5 साल और 6 महीने में पूरा होता है। बीएएमएस का फुल फोर्म बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी होता है।

### जरूरी योग्यताएं

डॉक्टर के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना लाखों लोगों का होता है। लेकिन डॉक्टर बनने के लिए जो जरूरी पोस्ट होते हैं। उनके लिए योग्यता का मापदंड भी निर्धारित किया जाता है। विद्यार्थी जो बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों के लिए नीचे दी गई निम्नलिखित योग्यता मापदंड को पूरा करना बहुत जरूरी है।

- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को जीव विज्ञान के साथ 12 वीं कक्षा अच्छे अंकों के साथ बात करनी है।
- बारहवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी इंट्रेंस एग्जाम में पास होना जरूरी होता है।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।

## 5 साल और 6 महीने का कोर्स



### कितनी होती फीस

*जब विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करना चाहता है तो सबसे पहले विद्यार्थी फीस का आकलन लगाता है। यहां सरकारी कॉलेज में 15000 से लेकर 30000 तक की प्रति वर्ष की फीस आपको देनी होती है। इसके लिए सबसे पहले एंट्रेंस एग्जाम पास करके आपको सरकारी कॉलेज में दाखिला लेना होगा। अन्यथा यदि आप प्राइवेट कॉलेज के माध्यम से यह पोस्ट करते हैं, तो आपको करीब 300000 से लेकर 1500000 सालाना फीस देनी होगी। विद्यार्थी के पास किसी भी तरह की डिग्री लेने के बाद भविष्य में अलग-अलग तरीके करियर ऑप्शन मौजूद होते हैं। जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स कर चुका है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे दिए गए निम्नलिखित भविष्य के इसको मौजूद हो जाते हैं। विद्यार्थी भविष्य की पढ़ाई के तौर पर मास्टर डिग्री लेकर नीचे दिए गए विकल्प का चयन कर सकता है और इन क्षेत्रों में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकता है।*
*लेक्चरर, थेरेपिस्ट, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, साइंटिस्ट, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, जूनियर क्लीनिकल ट्रायल कॉर्डिनेटर, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव।*

### जॉब के अवसर

जब विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर लेता है। तो विद्यार्थी को अच्छी नौकरी भी मिल जाती है। विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स करने के बाद कहां पर नौकरी कर सकता है। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- हॉस्पिटल
- नृसिंग होम
- क्लीनिकल ट्रायल्स
- एजुकेशन
- हेल्थकेयर आईटी
- इंसोरेंस सेक्टर
- आयुर्वेदिक रिसोर्ट
- स्पा रिसोर्ट
- कॉलेजेस
- फार्मेसी सेक्टर
- रिसर्च इंस्टीट्यूट
- पंचकर्म आश्रम
- गवर्नमेंट हॉस्पिटल
- प्राइवेट हॉस्पिटल
- लाइफ साइंस सेक्टर

### सैलरी

विद्यार्थी के लिए किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने का पहला मकसद उस डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने के बाद जहां पर उसे नौकरी मिलेगी वहां सैलरी कितनी मिल सकती है। विद्यार्थी सबसे पहले सैलरी का आकलन करता है। बीएएमएस करने के बाद जो विद्यार्थी डॉक्टर बन जाते हैं।
उनकी वेतन की बात की जाए तो उम्मीदवार अपने टैलेंट के दम पर अच्छा पैसा कमा सकते हैं यहां उम्मीदवार को 400000 प्रति महीने से लेकर 1200000 रुपए प्रति महीना कमाने का मौका मिलता है।



### ऐसे करें कोर्स

**जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को पूरा करना होगा।**

**12वीं कक्षा पास करें** : विद्यार्थी को सबसे पहले कोई भी डिग्री लेने के लिए 12वीं कक्षा पास करनी होगी। बीएएमएस का कोर्स करना चाहते हैं। तो आपको सबसे पहले विज्ञान वर्ग यानी कि जीव विज्ञान में 12वीं कक्षा पास करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

**एंट्रेंस एग्जाम पास करें** : विद्यार्थी को इस डिग्री लेने के लिए दूसरे चरण के तौर पर एक एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। यह एंट्रेंस एग्जाम एमबीबीएस की डिग्री इस तरह ही होता है। नीट एग्जाम को पास करके भी विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अन्य एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। जो अलग-अलग कॉलेज और अलग-अलग क्षेत्रों में करवाए जाते हैं। आप उनमें से किसी भी एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिल हो सकते हैं।

**कॉलेज में दाखिला लेकर बीएएमएस की पढ़ाई करना** : एंट्रेंस एग्जाम पास होने के बाद विद्यार्थी को बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिला मिल जाता है। उसके पश्चात विद्यार्थी को 5 साल और 6 महीने यानी कि कुल 11 सेमेस्टर की पढ़ाई करते हुए बीएएमएस का कोर्स पूरा करना होगा और उसके पश्चात बीएएमएस डिग्री का सर्टिफिकेट हासिल करना होगा।

**सर्वश्रेष्ठ कॉलेज :** भारत में हजारों की संख्या में कॉलेज मौजूद है। लेकिन जब किसी भी डिग्री के लिए भारत के लोकप्रिय कॉलेज और भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की बात आती है। तब उनमें से कुछ कॉलेज का नाम टॉप पर आता है। उसी प्रकार से बीएएमएस कोर्स करने के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- आयुर्विज्ञान संस्थान (बीएचयू)
- राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
- उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय हर्रावाला
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
- स्वास्थ्य विज्ञान के महाराष्ट्र विश्वविद्यालय
- पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार
- सुमतिभाई शाह आयुर्वेद महाविद्यालय मालवाड़ी, पुणे
- डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, अमरावती
- सीएच ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, नई दिल्ली

---

# सपनों की ओर उड़ान: आपकी क्षमता और आपका भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी भारत के भविष्य की नींव है। आपके भीतर असीमित ऊर्जा, शक्ति और संभावनाएं छिपी हैं। एक ऐसी शक्ति जो दुनिया को बदलने की क्षमता रखती है। लेकिन इस शक्ति का सही उपयोग कैसे करें? यही प्रश्न आज का सबसे महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, सपने देखना महत्वपूर्ण है। बिना सपनों के कोई भी बड़ी सफलता संभव नहीं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था, सपने वे नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। आपके सपने आपके भविष्य का नक्शा हैं। जो भी आपको प्रेरित करता है, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। शिक्षा, खेल, कला या विज्ञान हर क्षेत्र में आपके सपने बुनियादी भूमिका निभाते हैं।

## मेहनत और समर्पण का विकल्प नहीं

दूसरी बात, मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है। महानता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। कभी-कभी परिस्थितियाँ कठिन हो सकती हैं, लेकिन यह याद रखें कि कठिनाइयाँ ही आपके चरित्र का निर्माण करती हैं। अगर आप अपने सपनों के प्रति समर्पित हैं, तो कोई भी बाधा आपकी प्रगति को नहीं रोक सकती। तीसरी बात, सीखने की निरंतरता को बनाए रखें। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, और नई चीजें सीखने का जुनून आपको हमेशा आगे बढ़ाता है। अपने गुरुजनों से सीखें, अपने साथियों से प्रेरणा लें, और स्वयं को हर दिन एक नया सीखने का लक्ष्य दें। अगला कदम है सकारात्मकता। एक सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल आपको मुश्किल समय में संभालता है, बल्कि यह आपकी रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। जब आप अपनी चुनौतियों का सामना सकारात्मकता से करते हैं, तो समाधान ढूंढना आसान हो जाता है। जीवन में हर परिस्थिति से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करें और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। अंत में, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपकी सफलता का असली मापदंड वह होता है जब आप अपने समाज को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। अपनी उपलब्धियों को समाज के उत्थान में प्रयोग करें। दूसरों की मदद करें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज की भलाई के लिए अपने ज्ञान और संसाधनों का उपयोग करें। युवा मित्रों, आप ही वो धारा हैं जो देश को नई दिशा में ले जा सकते हैं। आपका प्रत्येक कदम एक नई कहानी लिख सकता है। बस अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ, और यकीन मानें, आप वो हासिल करेंगे जो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। सपने देखें, मेहनत करें, सीखते रहें, सकारात्मक रहें, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यही आपकी सफलता की कुंजी है।

**सपने देखें** : बड़े लक्ष्य निर्धारित करें।
**मेहनत करें**: कड़ी मेहनत व समर्पण से बाधा पार करें।
**निरंतर सीखें**: ज्ञान की खोज कभी बंद न करें।
**सकारात्मक रहें**: चुनौतियों को अवसर में बदलें।
"अपनी सफलता से समाज को लाभ पहुंचाएं। ज्ञान की खोज कभी बंद न करें। ज्ञान की प्यास ही वह तत्व है जो मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाता है। निरंतर सीखना न केवल एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, बल्कि यह हमारे जीवन को प्रेरणा और उत्साह से भर देता है।

## दुनिया के साथ तालमेल बिठाएं

यह हमें बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने, नए अवसरों को पहचानने और व्यक्तिगत व पेशेवर विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। जब हम ज्ञान प्राप्त करते रहते हैं, तो हम अपनी सोच को विस्तारित करते हैं। नए विचार और अवधारणाएँ हमारी समस्याओं को हल करने के नए तरीके सुझाती हैं। शिक्षा सिर्फ औपचारिक स्कूली ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह जीवन के हर क्षेत्र में फैली हुई है। नई भाषाएँ सीखना, विभिन्न संस्कृतियों को समझना, नई तकनीकों को अपनाना – ये सब हमारे ज्ञान को समृद्ध करते हैं।
निरंतर सीखने का एक और लाभ यह है कि यह हमें आत्मविश्वासी बनाता है। जब हम नई चीजें सीखते हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं, तो हमें अपने कौशल पर गर्व होता है। इससे हमारी आत्म-छवि और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इसके अतिरिक्त, ज्ञान का निरंतर अन्वेषण हमें विविध दृष्टिकोण अपनाने की क्षमता देता है। हम विभिन्न मुद्दों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं। इससे हमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। चुनौतियों को अवसर में बदलें, जीवन में चुनौतियाँ अपरिहार्य हैं। ये हमें विभिन्न प्रकार के संघर्षों और समस्याओं से परिचित कराती हैं। लेकिन इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का नजरिया ही हमारी असली परीक्षा होती है। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल हमें कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है, बल्कि यह हमें उन कठिनाइयों से सीखने और विकसित होने का अवसर भी देता है। जब हम सकारात्मक रहते हैं, तो हम हर स्थिति का सकारात्मक पक्ष देख सकते हैं। चाहे वह एक असफलता हो या एक अप्रत्याशित समस्या, सकारात्मक दृष्टिकोण हमें इससे सीखने और बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन -सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### साइन बोर्ड को नुकसान पहुंचाने पर मामला दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव चक्कां के सरपंच अमर सिंह की शिकायत पर इसी गांव निवासी चतरू उर्फ सतपाल पुत्र विनोद कुमार उर्फ पप्पू के खिलाफ पब्लिक प्रोपर्टी डैमेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सरपंच की ओर से दी गई शिकायत में बताया कि गांव की पंच विजय लक्ष्मी की ओर से शिकायत दी गई कि आरोपी चतरू ने गांव में लगे पंचायत प्रतिनिधियों के नाम के साइन बोर्ड को नुकसान पहुंचाया है। आरोपी ने पंचायत की प्रोपर्टी को नुकसान पहुंचाया है। पंचायत की ओर से इस बारे में आरोपी को समझाया गया लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं आया। आरोपी पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ रानियां थाने में पहले भी मामले दर्ज है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चतरू के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### नशेड़ी युवकों ने युवक को मारा चाकू

**हिसार।** शहर के मिलगेट क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल युवक शहर थाना के पास चाय की दुकान पर काम करता है और रात को अपने घर जा रहा था कि जिंदल पार्क के पास 6-7 युवकों ने चाकू मारकर उससे 700 रुपये छीन लिए। घायल सुनील के के भाई अनिल ने बताया कि सुनील काफी समय से शहर थाने के पास चाय की दुकान पर काम करता है। वह प्रतिदिन की तरह देर रात करीब दस बजे घर जाने के लिए ऑटो में बैठा था और आगे जाकर वह एचटीएम थाना के पास उतर गया।

### महिला शौचालय पर लटका ताला, परेशानी

**उकलाना।** पुरानी अनाज मंडी में वर्ष 2017 में लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया शौचालय सफेद हाथ बना गया है। शौचालय के निर्माण होने से अब तक किसी विशेष आयोजन को छोड़कर महिला शौचालय का ताला नहीं खुला है। ऐसे में महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। स्थानीय पल्लेदार तथा टेंपो यूनियन के लोगों ने कहा कि इस शौचालय में गंदगी इतनी होती है कि अंदर जाना ही दुभर हो जाता है और मजबूरी में कई बार महिलाएं भी शौचालय के लिए पुरुष शौचालय का उपयोग करती हैं। कई बार अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### बुजुर्गों व दिव्यांगों को शिविर में न हो कोई भी समस्या: उपायुक्त

# समाधान शिविर में डीसी ने 54 में से 28 शिकायतों का किया निपटारा

**सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर में शिकायतों का किया जा रहा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो उस समस्या का समाधान, शिविर के तहत सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में कुल 54 शिकायतें आई, जिनमें से 28 का मौके पर समाधान किया गया। क्रिड विभाग की 36 शिकायतों में से 19, समाज कल्याण विभाग की 4 में से 4, फूड सप्लाई विभाग की 5 शिकायतों में से 5 का मौके पर ही निपटान किया गया। इसके अलावा शिविर में पुलिस विभाग से 6, जिला कल्याण विभाग से 2 तथा जन स्वास्थ्य विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. मेजर शरद तुली, कष्ट निवारण समिति के सदस्य जगदीश राय शर्मा रहे।




**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त राहुल नरवाल।



**सिरसा।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी आरके सिंह।

### सिरसा में आई 111 शिकायतें जल्द समाधान के दिए निर्देश

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर के प्रति शिकायतकर्ताओं का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष 111 समस्याएं आई, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निवारण करवाया गया। उपायुक्त आर.के. सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करवाया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समाधान शिविर में आने वाली वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को विशेष तव'जो देते हुए निपटाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि लोगों को शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।समाधान शिविर में विशेषतौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान होने से खुश लोग हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है।

# मेडिकल कैंप से ज्यादा बेहतर है योगा कैंप: डॉ. गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **जीवन में हर व्यक्ति योग को अपनाकर दवाइयों से छुटकारा पा सकता है**

अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा हिसार द्वारा पांच दिवसीय योगा कैंप में बतौर मुख्यातिथि डॉ. इंद्र गोयल ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्र'जवलित और हवन में आहुति डालकर योगा कैंप की शुरुआत की। कैंप में पतंजलि योगाचार्य स्वामी ने विभिन्न प्रकार के योगासन करवाते हुए कहा कि योग द्वारा आप अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही पुरानी पद्धति है जिसको अपनाने से व्यक्ति जीवन भर निरोग रह सकता है। संघ के महासचिव विनोद धवन ने कहा कि जीवन में योग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष सुमित मित्तल ने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ समाज में विभिन्न कार्य करके अहम भूमिका निभाता है। डॉ. इंद्र गोयल ने कहा कि योगा कैंप एक ऐसा लोकपर्व है, जो समाज को संगठित करके एक मंच से एक ही सुर में योग के महत्व के प्रति जागरूक करने का काम करता है। भारत की पहल के बाद योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहचान मिली थी और इसे पहली बार 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तभी से हर वर्ष 21 जून को पूरे हषार्ेल्लास के साथ दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थी जीवन को अनुशासित और निरोगी बनाने में योग एक बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप से 'यादा बेहतर है योगा कैंप क्योंकि मेडिकल कैंप पर 'यादा खर्च करना पड़ता है और योगा कैंप पर कोई खर्च नहीं आता जबकि योग कैंप निरोग होने के लिए किया जाता है और मेडिकल कैंप रोग होने के बाद किया जाता है।

### बाइक सवार तीन युवक 15 किलो डोडापोस्त सहित काबू

**रानियां।** एंटी नारकोटिक सेल ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व नाकाबंदी के दौरान गांव बणी क्षेत्र से बाइक सवार तीन युवकों को 15 किलो डोडा चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बणी क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस पार्टी ने उक्त बाइक सवार युवकों को रूकने का इशारा किया तो बाइक सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त तीनों युवकों को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से 15 किलो डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र जोगदिं सिंह निवासी गांव सैनपाल व विनोद पुत्र बनवारी लाल निवासी गांव बणी जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रानियां थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

# शिक्षा और खेलकूद में युवा संवारे भविष्य : अभिमन्यु दौलतपुरिया

- **भूना में आयोजित चैम्पियनशिप में क्रिकेट खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भूना के खैरी रोड़ पर शनिदेव मंदिर के पास आयोजित बिगेस्ट अंडर क्रिकेट कप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फतेहाबाद के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवान सिंह दौलतपुरिया के भतीजे अभिमन्यु दौलतपुरिया ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अभिमन्यु दौलतपुरिया ने कहा कि आज नशे व अन्य सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर शिक्षा और खेलकूद में युवाओं को अपना भविष्य संवारना चाहिए। खेलकूद से व्यक्ति का तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। खेलकूद मानव शरीर के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि इसी प्रकार का आगे बढ़ते हुए आदर्श समाज की स्थापना करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में खेलों व खिलाड़ियों को खूब बढ़ावा दिया है। युवा शिक्षा के साथ खेलों में भी भविष्य बनाएं।



**फतेहाबाद।** भूना में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अभिमन्यु दौलतपुरिया।

### सेंट जोसफ स्कूल में सेमिनार आयोजित

**फतेहाबाद।** टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में समावेशी शिक्षक रणनीति पर कोडोवा पब्लिकेशन द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि सेमिनार में स्कूल के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। सेमिनार को एशिया के फाइनेस्ट एजुकेशन लीडर अवार्ड विजेता अविनाश ने सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को औसत से कम व औसत से अधिक पढ़ाई करने वाले बच्चों को एक ही समय संभाले इस बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने शिक्षकों को एक कहानी के माध्यम से यह भी समझाया कि कैसे एक आदत लगने और छोड़ने में सिर्फ 21 दिन का समय लगता है।

# कांग्रेस नेता ने लगवाया रूफिंग शैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नहर कॉलोनी के लोगों की मांग पर कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने गली नंबर 1 में एक रूफिंग शैड लगवाया है ताकि महिलाएं वहां बैठ कर भजन कीर्तन कर सके। पहले यहां एक अस्थाई शैड लगा हुआ था और उस खुले माहौल में महिलाएं वहां बैठकर भजन कीर्तन करती थी। कई बार तो धूप, आंधी और बारिश की वजह से उन्हें भजन कीर्तन करने में बड़ा व्यवधान होता था। इसी समस्या को लेकर वार्ड के कुछ मौजिज लोग कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच से मिले थे और समस्या का हल निकालने में मदद मांगी थी। इस पर डॉ. सिवाच ने लोगों की इस परेशानी को समझते हुए वहां एक परमानेंट शैड की व्यवस्था करवाई। शैड लगने व समस्या का स्थायी समाधान होने पर कॉलोनी वासियों में बेहद खुशी का माहौल था। उन्होंने इस के लिए डॉ. सिवाच का धन्यवाद किया व वार्डवासियों ने एक सुर में कहा कि यहां ना पार्षद, ना ही विधायक हमारी सुध ले रहे हैं लेकिन हम जब भी डॉ. साहब के पास काम लेकर जाते हैं तो वो पूरी लगन से हमारा साथ देते हैं। इसके साथ ही वार्डवासियों ने डा. वीरेंद्र सिवाच को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बार नहर कॉलोनी से व शहर से उन्हें एक तरफा जीत दिलवा कर ही दम लेंगे।



**फतेहाबाद।** नहर कालोनी में लोगों से मिलते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

# मजदूरों के बच्चों को डीसी ने वितरित किए फर्स्ट एड बॉक्स व वाटर कैंपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के सहयोग से ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों व अन्य श्रमिक मजदूरों के बच्चों हेतू शिक्षा विभाग, हरियाणा के विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत स्वयंसेवी समन्वयकों को 67-67 फर्स्ट एड बॉक्स, फ्लोर दरी व वाटर कैंपर वितरित किए। इसके अलावा उपायुक्त ने चार दिव्यांगजनों को तिपहिया रिक्शा व व्हीलचेयर तथ 2 बुजुर्ग व्यक्तियों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी जन कल्याण के लिए अनेक गतिविधियां चला रही है। उन्होंने बताया कि ईंट भट्ठों पर शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के बैठने व पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी, जिन्हें जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 67-67 फर्स्ट एड बॉक्स, फ्लोर दरी व वाटर कैम्पर वितरित किए गए हैं, जिससे उन्हें सुविधा मिलेगी।



**फतेहाबाद।** दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते उपायुक्त राहुल नरवाल।

# उपायुक्त ने पानी निकासी की व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

उपायुक्त राहुल नरवाल ने शुक्रवार को घग्घर नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी की जाएं, ताकि किसी भी संभावित आपदा से सफलतापूर्वक निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में बारिश से कहीं पर भी जलभराव की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पानी निकासी की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। शहर के संभावित जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है और उनका योजनाबद्ध ढंग से स्थायी समाधान करें। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी पूर्व में हुई खामियों से सबक लेते हुए कमजोर तटबंधों पर विशेष फोकस करें और समय रहते तटबंधों को मजबूत किया जाए। इस दौरान उन्होंने फतेहाबाद रोड़ पर रेस्ट हॉउस में अधिकारियों के साथ बैठक की और बाढ़ से बचाव व पानी निकासी की व्यवस्था के संबंध में विचार-विमर्श भी किया। उपायुक्त ने कहा कि पिछले वर्ष घग्घर नदी में बने बाढ़ के हालात से सबक लेते हुए अनुभव के आधार पर तैयारियां समय रहते पूरी करें। जहां पर भी कटाव की अधिक संभावना बनती है, वहां पर मिट्टी आदि डालकर तटबंधों को मजबूत किया जाए।



**रतिया।** घग्घर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते डीसी।

# भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलाधीश राहुल नरवाल ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की 10वीं व 12वीं की ओपन वार्षिक परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। ये आदेश 11 जुलाई तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश ने नियमानुसार शक्ति का प्रयोग करते हुए आपराधिक प्रक्रिया 1973 के अनुसार धारा 144 लागू की है। जारी आदेशों में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं कर सकता है। परीक्षा केन्द्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि में सभी फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर भी बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी वाहन की पार्किंग नहीं की जा सकेगी। वाई-फाई युक्त मोबाइल फोन, ब्लूटूथ सहित अन्य डिवाइस के ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर बजाने पर भी रोक रहेगी।

# शिव मंदिर में शुरू हुई नियमित योग कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से नियमित नई योग कक्षा शुरू की गई। इसका समय प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक रहेगा। योग कक्षा में साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान समिति के जिला प्रभारी धर्मवीर ललित ने साधकों को योग, प्राणायाम सहित सभी आसनों का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण देते हुए कहा कि आसनों एवं सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ जीवन में पतंजलि का बहुत बड़ा योगदान है। योग एवं प्राणायाम शरीर के समस्त विकारों को मिटाने में एक प्रभावशाली दवा के रूप में काम करती है। उन्होंने कहा कि सभी भयानक रोगों में सिर्फ योग तथा प्राणायाम ही एकमात्र साधन है जिसके द्वारा शरीर को पूरी तरह से स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन रोगों से बचने के लिए 8 प्राणायाम, 8 सूक्ष्म व्यायाम व 8 आसनों को नित्य प्रति अपने जीवन में अपनाकर भयंकर बीमारियों से निजात पाई जा सकती है। अन्य योग प्रशिक्षकों देवीलाल चंदौरा, संजीव गोयल, विरेंद्र मेहता, दविंद्र बजाज ने भी साधकों को योग के बारे में जानकारी दी।

### आपराधिक मामलों में आरोपी काबू

- **दो अवैध पस्तिोल व 6 जिंदा कारतूस बरामद**

**सिरसा।** स्पेशल स्टाफ सिरसा पुलिस टीम ने गांव बडागुढ़ा क्षेत्र से जेल से जमानत पर बाहर आए हुए तथा अनेक आपराधिक मामलों में वांछित एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जा से दो अवैध पस्तिोल तथा 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मक्खन सिंह निवासी गांव बडागुढा जिला सिरसा के रूप में हुई है। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि बडागुढ़ा निवासी मक्खन सिंह जोकि आपराधिक कस्मि का व्यक्ति है तथा अवैध हथियार के बल पर किसी बड़ी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को दीं नि:शुल्क दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शुक्रवार को ढाणी लखजी ऐलनाबाद में क्षय रोग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपमंडल सामान्य अस्पताल ऐलनाबाद के आयुर्वेदिक मैडीकल ऑफिसर डा. अतुल ने किया। डा. अतुल ने बताया कि क्षय रोग एक गंभीर समस्या है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इस बीमारी का सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर होता है। इस बीमारी के मुख्य लक्षण सांस फूलना, तीन सप्ताह से 'यादा खांसी रहना, अचानक से वजन कम होना, भूख न लगना, छाती में दर्द रहना, बुखार और ठंड लगना आदि हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के लक्षण महसूस हों तो उसे अपना चैकअप अवश्य करवाना चाहिए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि शिविर में टी.बी. रोग की जांच, बलगम की जांच, रक्त के टैस्ट, शूगर की जांच, एच.बी. टैस्टिंग आदि से संबंधित रोगियों की जांच की गई। इस शिविर में कुल 125 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा रोगियों को नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया।इस शिविर में उपमण्डल सामान्य अस्पताल ऐलनाबाद के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. हरप्रीत कौर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ कर्मी डीपीसी डा. विपिन कुमार, एएमओ डा. लकशिता, सीएचओ डा. वंशदीप, एसटीएस रेशमा, टीबीएचवी डा. पवन, नर्सिंग आफिसर वेद प्रकाश, एएनएम ममता रानी, पीपीएच राजेश कुमार, आशावर्कर शेर सिंह व मंजू बाला, टीआई प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट मैनेजर राज रानी, काउंसलर प्रमोद कुमार, रेडक्रॉस के उप अधीक्षक पवन राणा तथा रेडक्रॉस के वालंटियर कमल कुमार, रेखा रानी व दुर्गा देवी द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई।



**सिरसा।** स्वास्थ्य जांच में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गुलाबी सुंडी के प्रति किया जाएगा जागरूक

**फतेहाबाद।** सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. जागीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एपीपीओ कार्यालय में कृषि अधिकारियों की बैठक हुई जिसमें कपास की फसल में गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसानों को गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र के बारे में जागरूक एवं रोकथाम करने के लिए गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों, डॉ. राहुल श्योरण, डॉ. सुरेश व मनोज कुमार व लवदीप व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज

**सिरसा।** हुडा सेक्टर 20 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में कल 29 जून से 5 जुलाई तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा होगी। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर टेंपल के प्रधान दुर्गा सिंह राठौड़ ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथाव्यास स्वामी ललित किशोर व्यास कथा प्रवचन करेंगे। ट्रस्ट के 14वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हो रही कथा 5 जुलाई तक शाम 4 बजे शुरू होगी। आगामी 2 जुलाई को सुबह 8 बजे हवन यज्ञ होगा। दुर्गा सिंह राठौड़ ने लोगों से सपरिवार कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।

### मनीष ने योगासन में जीता सिल्वर मेडल

**चोपटा।** ऑल इण्डिया योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मनीष पुत्र रामसिंह घोटड़ कागदाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरजी राम योगी ने जानकारी देते हुए कहा कि ऑल इंडिया योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 25जून से 27जून को महेश्वरी भवन, इंदौर, मध्यप्रदेश में संपन्न हुई। इस योगा प्रतियोगिता में हरियाणा की ओर से लड़कों में 14 से 18 आयु जूनियर वर्ग में मनीष,कर्ण, दीपक,प्रिंस व शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया व लड़कियों में 18 से 25 आयु सीनियर वर्ग में बुलबुल (बोदीवाली),पूजा, मनीषा, स्वेता व पूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।



### चौथी बार भी नहीं पहुंचे अधिकारी, बैठक स्थगित

# नहीं हो सका लांबा के कार्यवाहक सरपंच का चुनाव, ग्रामीणों में रोष

अधिकारी पर मीटिंग में न आने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी शिकायत


**रतिया।** कार्यवाहक सरपंच का चुनाव न होने पर रोष जताते ग्रामीण।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया**

खंड के गांव लांबा में कार्यवाहक सरपंच नियुक्त करने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ग्राम पंचायत के सदस्यों की बुलाई गई मीटिंग चौथी बार भी खंड अधिकारी के न आने के कारण आज भी स्थगित कर दी गई। हालांकि मीटिंग के लिए 11 पंचायत सदस्यों में से 6 पंचायत सदस्य भी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पहुंच गए लेकिन अधिकारी द्वारा चौथी बार भी न आने पर पंचायत सदस्यों में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने अधिकारी पर राजनीतिक दबाव के तहत मीटिंग में न आने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उपायुक्त व प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी भेज दी। बता दें कि ग्राम पंचायत लांबा के सरपंच गुरदेव सिंह के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि गुरदेव सिंह ने सरपंच पद के चुनावो के लिए दसवीं की फर्जी डिग्री का उपयोग किया है। इसके बाद जिला उपायुक्त द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त से शिकायत की जांच करवाई गई। इस शिकायत में अतिरिक्त उपायुक्त ने गुरदेव सिंह सरपंच लांबा की दसवीं की डिग्री को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से मान्यता प्राप्त नहीं पाया था, जिसके बाद अतिरिक्त उपायुक्त ने इसकी रिपोर्ट जिला उपायुक्त को भेज दी थी। अतिरिक्त उपायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर जिला उपायुक्त ने 8 अप्रैल 2024 को ग्राम पंचायत लांबा के सरपंच गुरदेव सिंह को पदच्युत कर दिया था और ग्राम पंचायत लांबा के सरपंच पद को रिक्त घोषित करते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए थे कि ग्राम पंचायत लांबा के ग्राम पंचायत के बहुमत वाले पंचायत सदस्य को कार्यवाहक सरपंच नियुक्त किया जाए। इसके बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यवाहक सरपंच चुने के लिए तीन बार पहले मीटिंग भी बुलाई गई गई थी। मीटिंग के दौरान ग्राम पंचायत के 6 सदस्य भी पहुंच गए थे लेकिन तीनों बार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के न आने के कारण मीटिंग स्थगित कर दी गई थी। उसके बाद आज चौथी बार मीटिंग रखी गई थी जिसके लिए ग्राम पंचायत के सदस्य मीटिंग में पहुंच गए थे लेकिन काफी समय इंतजार करने के बाद भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे जिस कारण पंचायत सदस्यों में रोष पैदा हो गया। पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि अधिकारी राजनीतिक दबाव के कारण नया सरपंच चुने के लिए मीटिंग नहीं कर रहे हैं। इइसकी शिकायत जिला उपायुक्त व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दी। ग्रामीणों ने बताया कि अब सोमवार को अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सैकड़ों ग्रामवासी जिला उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना देंगे। खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी हनीश कुमार ने बताया कि आवश्यक कार्य के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ गया जिस कारण आज मीटिंग में नहीं आ पाए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रविंद्र कुमार दलाल का कहना है कि मीटिंग स्थगित होने के बारे में ग्रामीणों द्वारा उन्हें जानकारी दी गई है।

# गुरुद्वारा चिल्ला साहिब को भूमि सौंपना ऐतिहासिक फैसला


**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए जत्थेदार बाबा जगतार सिंह व सुरेंद्र सिंह वैदवाला। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

- गुरुद्वारा चिल्ला साहिब प्रबंधक कमेटी ने जताया आभार

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 4 अगस्त 2019 को गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाश उत्सव पर जिस भूमि पर गुरुद्वारा चिल्ला साहिब बना हुआ है, जोकि सरकार के पास थी, उसे गुरुद्वारे को देने की घोषणा की थी। एक ओर जहां इसी दिन के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में कार्यक्रम चल रहा था, वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त सीएम नायब सिंह सैनी ने बीते दिवस कैबिनेट की मीटिंग में इसे अमलीजामा पहना दिया, जिससे जिले की सिख संगत में खुशी है।

यह प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक फैसला है। जत्थेदार बाबा जगतार सिंह व सुरेंद्र सिंह वैदवाला चेयरमैन गुरुनानक मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से सरकार का इस कार्य के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार इस कार्य के लिए बधाई की पात्र है। इस 77 कनाल, 7 मरले भूमि में सराय, लंगर, सरोवर व चारदिवारी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 1567 विक्रमी, 14 आषाढ़ में गुरु नानक देव ने पहली बार सिरसा की पावन धरा पर अपने चरण रखे थे।

उस वक्त गुरुद्वारे की जगह अब्दुल सकूर रहता था। वह पीर करामात दिखाता था। करीब सवा चार माह वे लगातार यहां ठहरे और सेवा के बाद गुरुद्वारे से बाहर आए थे। हालांकि अपने पीर पैगंबर के चमत्कार को लेकर काफी धारणाएं थी, लेकिन गुरुनानक देव जी द्वारा दिए गए सद्मार्ग के संदेश से प्रेरित होकर समूह संगत उनकी शरण में आ गई और उनके पीर के अंहकार को दूर कर उन्हें सद्मार्ग का रास्ता दिखाया।

सभी ने उनकी शक्ति व भक्ति को बखूबी पहचाना। इस मौके पर बाबा नरेंद्र सिंह, लखबीर सिंह गिल, गुरमेल सिंह, काला सिंह सेवादार, जीवन सिंह सहित अन्य सिख संगत उपस्थित थी।

# सिरसा सिटी थाने के सामने बिजली की दुकान में सेंध, पुलिस बेखबर

- बैंक के सीसीटीवी कैमरे में सारी वारदात रिकॉर्ड , जांच जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान**

सिटी थाना रोड स्थित इलेक्ट्रिक शॉप पर चोरी की वारदात ने शहर सिरसा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए है। जब सिटी थाना रोड पर ही दुकानें सुरक्षित नहीं है, तब अन्य का क्या? शहर सिरसा पुलिस की रातभर गश्त रहती है, राइडर घूमते है। तब थाने के सामने दुकान से चोर आसानी से वारदात करके फरार कैसे हो गए?

थाना शहर सिरसा के सामने स्थित मैसर्ज शाम इलेक्ट्रिक स्टोर को चोरों ने अपना निशाना बना डाला। उन्होंने पुलिस की जरा भी परवाह नहीं की और बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। निकट स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीसीटीवी कैमरे में सारी वारदात रिकार्ड हो गई। दुकान के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मैसर्ज शाम इलेक्ट्रिक स्टोर के संचालक शाम लाल निवासी गांधी कालोनी सिरसा ने अपनी शिकायत में बताया कि 26 जून की रात्रि को वह अपनी दुकान मंगल करके गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर आया तो दुकान के ताले टूटे हुए पाए। दुकान का सामान बिखरा हुआ था। चोर दुकान में रखें केबल के बण्डल से करीब 216 मीटर केबल काटकर ले गए। चोरीशुदा संपत्ति की कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है। उन्होंने बताया कि निकट स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांचने पर पता चला कि चोरों ने रात्रि एक बजे वारदात को अंजाम दिया।

# चावल घोटाले की जांच के लिए अफसरों से मिले किसान

- कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करेगी किसान यूनियन : मनदीप सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया**


**रतिया।** अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए पगड़ी संभाल जट्टा के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह व अन्य कार्यकर्ता।

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा हरियाणा में करोड़ों रुपये के किए गए चावल घोटाले को जनता के सामने लाने के लिए आज किसान संघर्ष समिति के नेता प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह के नेतृत्व में पंजाब हरियाणा के भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों से मिले और पूरे मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। यूनियन के नेताओं द्वारा इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट के वकीलों से भी सलाह मशवरा किया गया है। मनदीप सिंह के साथ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के वकील प्रदीप सिंह, सुखदीप सिंह रंधावा, परमजीत सिंह मिंटू अजीत नगर, सेक्टरी पाल सिंह भी मौके पर थे। प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने एफसीआई के अधिकारियों को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा भारत ब्रांड योजना के तहत गरीबों को उचित रेट पर जो चावल उपलब्ध करवाया जाना था। इस योजना में हरियाणा के कई राइस मिल मालिकों द्वारा गैर कानूनी तरीके से गरीबों को चावल उपलब्ध करवाने की बजाय चावल को महंगे रेट पर अन्य राइस मिल मालिकों व प्राइवेट लोगों को हाथों में बेच दिया गया। इस कारण गरीबों को चावल से वंचित रहना पड़ रहा है और सरकार को भी सैकड़ो करोड रुपए का राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की जाए। मनदीप सिंह ने बताया कि यूनियन द्वारा आने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे हरियाणा में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह गरीबों के निवाला को सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा प्राइवेट मिल मालिकों के साथ मिलकर लूट लिया गया है।

# पर्यावरण शुद्धता के लिए सीडीएलयू में पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

पर्यावरण प्रदूषण दिनोंदिन बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। यह बात सीडीएलयू की निर्माण शाखा द्वारा किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र नुईयां ने कही। सीडीएलयू की निर्माण शाखा की ओर से शुक्रवार को कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के दिशा-निर्देशानुसार पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर सीडीएलयू परिसर में पौधे लगाए और नियमित रूप से उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र नुईयां ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। इस बार जो गर्मी का प्रकोप देखने को मिला है, वह पर्यावरण प्रदूषण का ही एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को केवल मात्र पेड़-पौधे ही शुद्ध रख सकते हैं। इसलिए सभी लोगों को पौधारोपण करना चाहिए। साथ ही लगाए गए पौधों की रक्षा करना भी हमारा धर्म है। बिना जरूरत के कभी भी कोई पेड़ नहीं काटना चाहिए क्योंकि एक पेड़ अपने जीवनकाल में हमे अमूल्य ऑक्सीजन देता है।

# जागरुकता की कमी के कारण अस्थमा से मौतें

- इसका उपचार तभी संभव है जब समय रहते इसे समझ लें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**


**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए श्वास एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिल अलवानी।

भारत में पूरी दुनिया के 13 फीसदी अस्थमा रोगी हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि देश जागरूकता के अभाव में अस्थमा रोगियों की मौतों के मामले में सबसे आगे है। वैश्विक स्तर पर अस्थमा से होने वाली 46 फीसदी मौतें भारत में हो रही हैं। अस्थमा फेफड़ों में होने वाली गंभीर बीमारी है, जिसका खतरा लगभग सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। सीके बिरला हॉस्पीटल जयपुर के श्वास एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिल अलवानी ने शुक्रवार को एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि अस्थमा के रोगियों को वायुमार्ग के आसपास सूजन और मांसपेशियों की जकड़न के दिक्कत होने लगती है, जिसके कारण उनके लिए सांस लेना कठिन हो जाता है। डॉ. अलवानी ने बताया कि वातावरण की कई परिस्थितियां अस्थमा रोगियों के लिए समस्याओं को बढ़ाने वाली मानी जाती है। अस्थमा से पीड़ित अधिकांश लोगों को लक्षण रहित अवधियों के बीच दौरे पड़ते हैं। कुछ लोगों को लंबे समय तक सांस फूलने की समस्या रहती है, जिसके बाद सांस फूलने की समस्या बढ़ती जाती है। घरघराहट या खांसी इसका मुख्य लक्षण हो सकता है। श्वसन नली में सिकुड़न के चलते रोगी को सांस लेने में परेशानी, सांस लेते समय आवाज आना, सीने में जकड़न, खांसी आदि समस्याएं होने लगती हैं। इसका उपचार तभी संभव है जब समय रहते इसे समझ लें।

# योगासन चैंपियनशिप के विजेताओं का सम्मान


**सिरसा।** योग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

- ऑल इंडिया योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन
- टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा का नाम किया रोशन

संस्कार योग केंद्र ट्रस्ट कागदाना के बच्चे मनीष ने नेशनल गेम्स में सिल्वर पदक प्राप्त किया है। ट्रस्ट के संचालक हरजीराम ने बताया कि यह 7जी ऑल इंडिया योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 25 जून से 27 जून तक महेश्वरी भवन, इंदौर, मध्यप्रदेश में संपन्न हुई। इस योगा प्रतियोगिता में हरियाणा की ओर से लड़कों में 14 से 18 आयु जूनियर वर्ग में मनीष, कर्ण, दीपक, प्रिंस व शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया व लड़कियों में 18 से 25 आयु सीनियर वर्ग में बुलबुल (बोदीवाली), पूजा, मनीषा, श्वेता व पूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमएस देसवाल व नेशनल योगा रेफरी व योगा कोच दारा सिंह बोदीवाली के नेतृत्व में टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में हरियाणा का नाम रोशन किया। संस्कार योग केंद्र ट्रस्ट के संस्थापक हरजीराम योगी ने मनीष को सिल्वर मेडल जीतने पर बधाई दी। हरजीराम योगी ने कहा कि सभी बच्चों को इनसे सीखना चाहिए और अपने-अपने फील्ड के अंदर नियमित मेहनत करनी चाहिए।

### अंत्योदय परिवारों को मिलेगी प्रति वर्ष 1000 किलोमीटर तक मुफ्त बस यात्रा सुविधा

# हैप्पी योजना के लाभार्थियों की करवाई जा रही स्वास्थ्य जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** नया बस अड्डा परिसर में निरोगी हरियाणा योजना के तहत हैप्पी योजना के लाभार्थियों का स्वास्थ्य चेकअप करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मी।

अंत्योदय परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए हरियाणा सरकार कृतसंकल्प है, जिसके लिए सरकार की ओर से साढ़े 9 वर्ष के कार्यकाल में अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों के लिए एक नई योजना लेकर आई है, जिसका नाम हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) है। इसके लाभार्थियों के कार्ड स्थानीय नये बस अड्डा में बनाये जा रहे हैं। यहां पहुंचे नागरिकों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य चेकअप किया जा रहा है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वित होने से हरियाणा प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रा'य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा करने का लाभ मिलेगा। इस योजना के माध्यम से हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराएगी। योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को प्रति वर्ष 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और हरियाणा रोडवेज द्वारा अंत्योदय परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए हैप्पी कार्ड वितरण के साथ-साथ संपूर्ण स्वास्थ्य जांच निरोगी हरियाणा के अंतर्गत नए बस स्टैंड पर की जा रही है। डिप्टी सीएमओ डॉ. मेजर शरद तूली ने बताया कि इस योजना के लाभार्थी बस अड्डा पर कार्ड बनवाने के लिए कैंप में आते हैं। स्वास्थ्य विभाग अनीमिया मुक्त हरियाणा के संकल्प के तहत सभी लाभार्थियों के खून (एचबी) की जांच और एनसीडी बीमारी जैसे हाइपरटेंशन और डायबटीज इत्यादि की जांच भी की जा रही है।

**1 लाख से कम वार्षिक आय वालों को मिलेगी सुविधा : डीसी**

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को फ्री परिवहन की सुविधा मिलेगी। इस योजना का लाभ केवल ऐसे परिवारों को ही मिलेगा जिन परिवारों में 3 से ज्यादा सदस्य है और उनकी परिवारिक सालाना आय 1 लाख रुपये से कम है। योजना के तहत अंत्योदय परिवार के प्रत्येक सदस्य को हर साल 1000 किलोमीटर की फ्री यात्रा का लाभ दिया जाएगा। फ्री यात्रा की सुविधा का लाभ मिलने से पैसों की बचत होने से अंत्योदय परिवारों की आर्थिक रूप से मदद होगी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005